>

Title: Need to construct dams and culverts along river Gandak to prevent soil erosion in Gopalganj Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): महोदय, हमारे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बिहार राज्य के गोपालगंज के प्रखंड कुचाई कोट बरौली, माझा, बैकुंठपुर, सिदौलिया के क्षेत्र में गंडक नदी से भारी कटाव हो रहा है। हजारों परिवार कटाव के कारण विस्थापित हो गए हैं। अभी तक विस्थापितों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हुई है। गमहरिया ग्राम भी कट रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जल संसाधन से मांग करता हूं कि जनहित में प्रखंड कुचाई कोट, बरौली, माझा, बैकुंठपुर, सिदौलिया को गंडक नदी के कटाव से बचाव के लिए 20 किलोमीटर तक का बांध और ठोकर का निर्माण कराने का कष्ट करें।